**Nai Dunia (Indore), 9th August 2021, Page-16 (Front page-2)**

# आइआइटी इंदौर में शुरू हुआ अंतरिक्ष विज्ञान का कोर्स

इंदौर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में इस वर्ष प्रवेश लेने वाले पोस्ट ग्रेजुएट और पीएचडी विद्यार्थियों के लिए आनलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान में इस बार विभिन्न पाठ्यक्रमों में 329 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। संस्थान के कार्यवाहक निदेशक नीलेश कुमार ने कहा कि आइआइटी इंदौर ने इस वर्ष पांच नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। इसमें मानविकी व सामाजिक विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान, एमएस कार्यक्रम, अंतरिक्ष इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी में एमटेक कार्यक्रम शामिल हैं। इसके साथ ही सेंटर फार एडवांस इलेक्ट्रानिक्स में पीएचडी भी शुरू की गई है। -नप्र